1

बिहार सरकार
आपदा प्रबंधन विभाग
ब्लॉक–सी0, सरदार पटेल भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना–800023
फैक्स: 0612 2294202, ई–मेल: secy-disastermgmt-bih@nic.in

पत्रांक–1/प्रा0आ0 (COVID-19)–09/2020/...1218../आ0प्र0, पटना–23 दिनांक–01/04/2020

प्रेषक,

प्रत्यय अमृत,
प्रधान सचिव।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी,
बिहार।

विषय: राज्य में कोरोना वायरस (COVID-19) के बढ़ते संक्रमण के आलोक में संचालित किये जा रहे आपदा राहत केन्द्र/सीमा आपदा राहत केन्द्र एवं गाँवों के विद्यालयों के **Quarantine** केन्द्र में आवासन एवं भोजन आदि की व्यवस्था करने में व्यय हेतु बजट शीर्ष से अवगत कराने के संबंध में।

प्रसंग : विभागीय पत्रांक 1210/आ0प्र0, दिनांक–31.03.2020

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के आलोक में कहना है कि COVID-19 के संक्रमण के फलस्वरूप lockdown के कारण राज्य के सभी जिला मुख्यालय में ऐसे व्यक्ति/ मजदूर/ निर्धन/ निराश्रित एवं अन्य आघातयोग्य वर्गों के लिये भोजन एवं आवासन हेतु **आपदा राहत केन्द्र** का संचालन किया जा रहा है। इसी प्रकार अन्य राज्यों से आये अप्रवासी मजदूरों एवं अन्य लोगों के लिये **सीमा आपदा राहत केन्द्र** तथा ऐसे व्यक्तियों को उनके गाँवों में Quarantine करने हेतु **स्कूलों में Quarantine Camps** का भी संचालन किया जा रहा है। इन केन्द्रों के संचालन में विभिन्न मदों में राशि की व्यय होगी, जिसके लिये अलग–अलग बजट शीर्षों से अवगत होना आवश्यक है।

गृह मंत्रालय (आपदा प्रबंधन प्रभाग), भारत सरकार के द्वारा COVID-19 Virus के संक्रमण के आलोक में इसे अधिसूचित आपदा में शामिल करते हुए प्रसंगाधीन पत्र के साथ प्रेषित गृह मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र में अंकित List of Items & Norms of Assistance के अन्तर्गत SDRF से व्यय करने की स्वीकृति दी गयी है।

अतः निदेश दिया जाता है कि नीचे वर्णित मद के समाने अंकित शीर्ष के अन्तर्गत व्यय करने का कष्ट किया जाय।

क्रमांक	मद	भुगतान हेतु शीर्ष
1	पका हुआ भोजन	मुख्य शीर्ष 2245–02–101–0002–खाद्यान्न की आपूर्ति, विषय शीर्ष–21 03–आहार/पथ्य

2	सुखा राशन, जेनरेटर, पंडल, ईंधन, Sample Collection, SDRF/NDRF का Movement आदि	मुख्य शीर्ष 2245–02–112–0002–जनसंख्या का निष्क्रमण, विषय शीर्ष–35 01–नगद / वस्तु
3	COVID-19 हेतु आवश्यक उपकरणों का क्रय	मुख्य शीर्ष 2245–02–112–0003–आपदा प्रभावितों की खोज एवं बचाव कार्य हेतु बचाव संयंत्रों तथा निकासन संयंत्रों का क्रय, विषय शीर्ष – 52 01– मशीनें एवं उपस्कर– कार्यालय
4	वस्त्र	मुख्य शीर्ष 2245–02–101–0004– प्रभावितों को कपड़ा एवं बर्त्तन का मुफ्त वितरण, विषय शीर्ष – 35 01– नगद / वस्तु

विश्वासभाजन

1/5

प्रधान सचिव